CAREERINDIA

**SL. No. : FF**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 46 ]
Total No. of Questions : 46 ]

**CCE RR**
**UN-REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

यहाँ से काटिए

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2018 ] [ Date : 04. 04. 2018
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-00 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-00 Noon
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

www.careerindia.com

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 46 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here

CAREERINDIA



## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

1. रेस्तराँ का मालिक कौन था ?
2. तिम्मक्का दंपति ने जानवरों के लिए क्या इंतज़ाम किया ?
3. कंबार को लोक-साहित्य में रुचि कैसे उत्पन्न हुई ?
4. पारदर्शी प्रशासन कैसे संभव है ?
5. कवि भगवतीचरण वर्मा भगवान से क्या निवेदन कर रहे हैं ?
6. आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है ?

II. 7. सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| अ) नोबेल पुरस्कार | i) भक्त करोड़पति |
| आ) तिम्मक्का के माँ-बाप पेट पालते | ii) खेल कर |
| इ) साहूकार | iii) गीतांजलि की रचना |
| ई) ग्वाल मित्र हँसते हैं | iv) भिखारी |
| | v) कंबार जी को मिला |
| | vi) चुटकी बज़ाकर |
| | vii) मेहनत-मज़दूरी कर । |



www.careerindia.com

CAREERINDIA



III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4

8. भक्तों के भगवान : कहानी : : ईमानदारों के सम्मेलन में : .......................

9. कंबार : : साहित्य प्रेमी : : तिम्मक्का : .......................

10. गोलगुम्बज़ : वास्तुकला : : बेलूर मंदिर : .......................

11. आधुनिक तकनीकी का विश्लेषण : इंटरनेट क्रांति : :

आधुनिक मानव का विश्लेषण : .....................

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 11 × 2 = 22

12. राष्ट्रभाषा हिंदी के बारे में कंबार जी के विचार क्या हैं ?

13. शांतिनिकेतन का आशय क्या था ?

14. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है ?

15. भिखारी को बालक पर क्यों दया आयी ?

16. अंग्रेजी अध्यापक से साहनी जी को कैसी प्रेरणा मिली ?

17. लेखक परसाई ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?

18. तुलसीदास जी ने मुखिया के बारे में क्या कहा है ?

19. माता यशोदा से कृष्ण क्यों नाराज़ है ?

20. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

21. शनि ग्रह का वायुमंडल किससे बना है ?

**अथवा**

शनि को ठंडा ग्रह क्यों कहते हैं ?

22. समय को अमूल्य क्यों माना जाता है ?

**अथवा**

सत्य के बारे में गाँधीजी का विचार क्या था ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 4 × 3 = 12

23. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

24. गिल्लू ने लेखिका की गैरहाज़री में दिन कैसे बिताए ?

25. मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य कैसा है ? विवरण दीजिए ।

26. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

राम नाम मनि दीप धरू जीह देहरी द्वार ।

तुलसी भीतर-बाहिरौ जो चाहसी उजियार ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 1 × 4 = 4

27. पं० राजकिशोर मानवता की मूर्ति थे । स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

बसंत की ईमानदारी का परिचय दीजिए ।

28. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 1 × 4 = 4

विमल ....................................................

............................................................

............................................................

............................................ रही है ।

**अथवा**

तुलसी साथी ............................................... ।

.............................................. भरोसो एक ।।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



## खण्ड - ख
## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $8 \times 1 = 8$

29. 'माला' शब्द का बहुवचन है —

(A) माल (B) माला

(C) मालाएँ (D) मालाओं ।

30. 'अमीर' का विलोम शब्द है —

(A) धनिक (B) गरीब

(C) श्रमिक (D) मेहनती ।

31. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द है —

(A) लड़की (B) बहन

(C) माँ (D) बाप ।

32. 'परमौषध' शब्द में संधि है —

(A) दीर्घ (B) वृद्धि

(C) गुण (D) अयादि ।

33. कर्नाटक ..................... राजधानी बेंगलूरू है ।

इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा —

(A) की (B) का

(C) के (D) को ।

34. निम्न में 'द्वंद्व समास' का उदाहरण है —

(A) फल-फूल (B) पंचवटी

(C) दशानन (D) राजमहल ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



35. 'करना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया है –

(A) करवाना (B) किया

(C) कर (D) कराना ।

36. 'पसीना बहाना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) परिश्रम करना (B) पसीना आना

(C) परिचित होना (D) बहाना बनाना ।

## खण्ड - ग

### ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 × 1 = 4

एक किसान था । उसके चार लड़के थे । उनमें मेल न होने के कारण वे अक्सर लड़ते रहते थे । किसान लड़कों के लड़ने की हालत देखकर बहुत दु:खी हुआ । किसान मन-ही-मन सोचता था कि मेरे मरने के बाद चारों लड़के अलग-अलग हो जाएँगे । किसान ने उनमें एकता लाने के लिए चारों लड़कों को बुलाया और कहा – ''मिल-जुलकर रहने से ताकत बढ़ती है, एकता में बल है ।''

37. किसान के बेटे क्यों लड़ते थे ?

38. किसान के दु:ख का क्या कारण था ?

39. किसान ने क्या सोचा ?

40. इस कहानी का क्या संदेश है ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : 4 × 1 = 4

41. आज का युग इंटरनेट युग है ।

42. रवींद्रनाथ ठाकुर श्रेष्ठ चित्रकार थे ।

43. मैं आपके प्रति अत्यंत आभारी हूँ ।

44. घोडगेरी गाँव घटप्रभा नदी के तट पर है ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



X. 45. कोई कारण देते हुए प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए । $1 \times 4 = 4$

**अथवा**

अपनी सहेली को गर्मियों की छुट्टियों में आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए ।

XI. 46. दिए गए बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए : $1 \times 4 = 4$

क) जनसंख्या की समस्या

* विषय प्रवेश
* वृद्धि के उपाय
* नियंत्रण के उपाय
* उपसंहार ।

ख) पर्यटन का महत्व

* विषय प्रवेश
* पर्यटन – एक शौक
* पर्यटन से लाभ
* उपसंहार ।

ग) कर्नाटक का वैभव

* विषय की भूमिका
* प्राकृतिक स्वरूप
* विशेषताएँ
* उपसंहार ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



www.careerindia.com